BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

PROF. SANJAI MISRA
PRINCIPAL
EMAIL:bsnvpgc1954@gmail.com
MOB. NO.: 0522-2635513
DATE: 08/04/2024

सेवा से ही व्यक्ति बनता है महान- अपर महाधिवक्ता

व्यक्ति अपने द्वारा किये गए सेवा कार्यों से ही महान बनता है। भारत भूमि पर अनेक महापुरुष हुए हैं जो अपनी सेवा कार्यों के आधार पर ही महान बने हैं चाहे विवेकानंद हो या प्रभु श्री राम सभी ने अपने जीवन आदर्शो पर चलते हुए समाज को एक नई दिशा दी है। यह विचार उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी ने बीएसएनवी पीजी कॉलेज (केकेवी) लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह में दिए। वे इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर दिनांक 22 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित किया गया जिसमें लालकुआं एवं बाबू बनारसी दास वार्ड के क्षेत्र में जाकर अनेक सेवा कार्यक्रम संचालित किए गए। समारोह की विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो मंजुला उपाध्याय ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज के उत्थान हेतु प्रयासत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि वर्तमान समय में चुनाव आचार संहिता लागू है और शीघ्र ही चुनाव होंगे इसके लिए सभी स्वयंसेवकों को चाहिए कि वह समाज के लोगों को जागरुक करते हुए आधिकारिक मतदान के लिए प्रेरित करें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्रा ने कहा कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयां समाज के लिए संस्थाओं के दायित्व का सम्यक रूप से निर्वहन करते हुए समाज सेवा का कार्य कर रही है। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के क्षेत्र संयोजक प्रोफेसर जयशंकर पांडे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों की चर्चा करते हुए इसे सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण उपकरण बताया। प्रोफेसर संजीव शुक्ला ने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के लिए कार्यक्रम अधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की स्वयंसेविका वैशाली शुक्ला ने सप्त दिवसीय विशेष शिविर की कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके साथ-साथ अनेक स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने

सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मोहित रंगोली बनाई। 'बेस्ट फ्रॉम वेस्ट' अभियान के अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां बनाई जिन्होंने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन सर्वज्ञ एवं अनुष्का ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त कार्यक्रम अधिकारीगण डॉ अभिषेक उपाध्याय, डॉ स्नेह प्रताप सिंह, डॉ मंजुल त्रिवेदी, डॉ प्रमिला पांडे, डॉ इंद्रेश शुक्ला के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

NATIONAL SER
SCHEM

NATIONAL SER
CE SCHEME

NATIONAL SERVICE SCHEME

(Principal)
Prof. Sanjai Misra